Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-04-2002
Participants : Yadav Dr. Jaswant Singh

nt>

Need to solve acute drinking water problem in Alwar district of Rajasthan–Laid.

डॉ0 जसवंत सिंह यादव (अलवर): माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान राज्य के अलवर जिले में पानी की भीाण समस्या उत्पन्न हो जाने से वहां के किसानों तथा आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस जिले में पानी की भारी कमी हो गयी है। अलवर जिले को *'Dark Zone'* घोाित किया जा चुका है। यहां के पानी का जल स्तर बहुत ही नीचे चला गया है। कुएं, तालाब इत्यादि सूखते जा रहे हैं। इसका पेड़-पौधों एवं पशुधन पर घातक प्रभाव पड़ा है। अगर अलवर जिले को यमुना के जल से नहीं जोड़ा गया, तो इस क्षेत्र में पानी की समस्या बहुत ही विकराल हो जायेगी और एक दिन ऐसा आयेगा कि अलवर जिले के लोगों को पानी मिलना तो दूर रहा, किसानों को भविय में अपनी फसलों को उगाना संभव नहीं हो पायेगा। अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि अलवर जिले के किसानों तथा आम लोगों की पानी की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही प्रभावी व आवश्यक कदम उठाये जायें तथा अलवर जिले को तत्काल यमुना के जल से जोड़ने संबंध कार्यवाही की जाये, जिससे क्षेत्र की पानी की भीाण समस्या का समाधान किया जा सके।